प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः **133/2025** (अपील सूचना का अधिकार)

Narendra Singhvi Add: 66-K, Singhvi House, first floor, inside Saheliyon ki Bari, Udaipur

..............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा, उदयपुर

..................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 25/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329637074011535 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 19.07.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/134/25/834–35 दिनांक 18.08.2025 तथा ऑनलाईन पत्र क्रमांक 9334761263 दिनांक 18.08.2025 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तर शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा द्वारा जरिये पत्रांक स. लो.सू.अ./2025/2826 दिनांक 15.09.2025 से प्रत्युत्तर प्रस्तुत करते हुए इस कार्यालय को अवगत कराया गया कि प्रार्थी ने दिनांक 19.07.2025 को आरटीआई पोर्टल पर ऑनलाई आवेदन कर म्यूटेशन की कार्यवाही के संबंध में सूचना चाही गई। प्रार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध में आरटीआई पोर्टल पर ऑनलाईन outward no. 6021987005 दिनांक 01.08.2025 से Need Personal visit for Information हेतु ऑनलाईन पत्र प्रेषित कर दिया गया था। अतः निवेदन है कि जवाब स्वीकार फरमाया जाकर अपील निरस्त कराने का श्रम करावे।

अपीलार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि प्रत्यर्थी द्वारा अपने ऑनलाईन प्रेषित पत्र Need Personal visit for Information दिनांक 01.08.2025 में किस दिनांक को एवं किस समय में प्रत्यर्थी के कार्यालय में उपस्थित होना है, का अंकन नहीं किया गया जिससे अपीलार्थी प्रत्यर्थी के कार्यालय में उपस्थित नहीं हो सका।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को आरटीआई पोर्टल पर ऑनलाईन outward no. 6021987005 दिनांक 01.08.2025 से

RajKaj Ref No.:
22423675
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.2[illegible]4:30:19 IST
Reason: Approved

अपीलार्थी को कार्यालय में उपस्थित होने हेतु पत्र प्रेषित किया गया परन्तु अपने पत्र में निर्धारित समय एवं दिनांक का अंकन नहीं किया गया जिसके अभाव में अपीलार्थी प्रत्यर्थी के कार्यालय में उपस्थित नहीं हो सका।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलाण्ट आंशिक स्वीकार की जाती है। सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी गिर्वा को निर्देशित किया जाता है कि वह आदेश प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर अपीलार्थी को वांछित सूचना का अवलोकन कराये एवं नियमानुसार अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें साथ ही अपीलार्थी की उपस्थिति अपनी आगन्तुक पंजिका (Visitors Register) में दर्ज करे।

निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.2 4:30:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22423675
M e-Sign